# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई

परीक्षा सत्र : अप्रैल-मई 2021

**परीक्षा का नाम : विशारद पूर्ण (द्वितीय प्रश्नपत्र)**

**विषय : गायन - वादन (स्वरवाद्य)**

| | | |
|---|---|---|
| दि. 10/10/2021 | समय : दोपहर 2 से 5 | कुल अंक : 75 |

सूचनाएँ : (१) किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(२) सभी प्रश्नों के अंक समान है।

---

प्र. 1. नीचे दिये हुए पर्यायों में से प्रश्न के उत्तर का सही पर्याय लिखें :- (15)

(1) किस वेद को संगीत की गंगोत्री माना जाता है ?
- (अ) ऋग्वेद
- (ब) यजुर्वेद
- (क) सामवेद
- (ड) आयुर्वेद

(2) वर्षा ऋतु से कौनसे राग का संबंध जोडा है ?
- (अ) मल्हार
- (ब) कानडा
- (क) बिलावल
- (ड) केदार

(3) रवींद्रनाथ ठाकुर, उनकी कौनसी काव्यरचना के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हुए थे ?
- (अ) अभिनव गीत मंजिरी
- (ब) गीतांजलि
- (क) संगीतांजलि
- (ड) कोई नहीं।



Contd.

(4) सदारंग अदारंग इन्होने जो रचनाएँ की, वे किस गायनशैली के लिए आज भी उपयुक्त हैं ?

(अ) धृपद

(ब) ठुमरी

(क) ख्याल

(ड) गझल

(5) उँचनीचता, छोटा बडापन, जाति यह किसकी विशेषताएँ हैं ?

(अ) ध्वनि

(ब) श्रुति

(क) आवाज

(ड) नाद

(6) भातखंडे लिपिनुसार खाली का चिन्ह कौनसा है ?

(अ) 0

(ब) x

(क) +

(ड) 1

(7) गायन वादन में एक स्वर से दूसरे स्वर पर आस न टूटते हुए जाने की क्रिया को क्या कहते है ?

(अ) खटका

(ब) मींड

(क) मुर्की

(ड) आंदोलन

(8) प्राचीन काल में शारंगदेव ने 'गमक' के कितने प्रकार बताए हैं ?

(अ) 10

(ब) 12

(क) 15

(ड) 18

(9) 'बानी' शब्द का किस गायकी से संबंध है ?

(अ) ख्याल

(ब) टप्पा

(क) धृपद

(ड) कोई नहीं।

(10) नीचे दिए हुए पर्यायों में से अष्टछाप कवि कौन है ?

(अ) कुंभनदास

(ब) गुणीदास

(क) ओंकारनाथ

(ड) पंडित

(11) पं. पलुस्कर स्वरलिपि में 'सम' का चिन्ह कौनसा है ?

(अ) x

(ब) 0

(क) 1

(ड) +

(12) धृपद गायकी की कितनी बानियाँ हैं ?

(अ) 4

(ब) 3

(क) 2

(ड) 6

(13) जिसने संगीत के शास्त्रपक्ष पर प्रभुत्व पाया है, परंतु जिसका क्रियात्मक पक्ष उतना पक्का नही होता उसे क्या कहते है ?

(अ) वाग्गेयकार

(ब) कलाकार

(क) पंडित

(ड) कलावंत

(14) कर्नाटक संगीत में पं. व्यंकटमखी ने गणितानुसार कितने ठाठ निर्माण किए ?

(अ) 32

(ब) 10

(क) 48

(ड) 72

(15) 'रवींद्र संगीत' का निर्माण किसने किया ?

(अ) पं. रविशंकर

(ब) रवींद्र जैन

(क) प्रेमलता शर्मा

(ड) रवींद्रनाथ ठाकुर

**(15)**

**प्र. 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :-**

(1) पं. रामामात्य के ग्रंथ का नाम ——— था।

(2) मिया तानसेन ——— बानी के थे।

(3) पद्यरचना और संगीतरचना सुचारु रूप से जो जानता है उसे ——— कहते है।

(4) पाश्चात्य स्वरलिपिनुसार तीव्र स्वर ——— चिन्ह से दर्शाया जाता है।

(5) कर्नाटक संगीत का ——— गीतप्रकार उत्तर हिंदुस्थानी संगीत के तराना समान है।

(6) भारतवर्ष में स्वरलिपि का प्रथम अविष्कार ——— ने किया।

(7) 'संगीत पारिजात' के ग्रंथकार ——— थे।

(8) शुध्दा, भिन्ना, गौडी यह ——— के नाम हैं।

Contd.

(9) पलुस्कर लिपि में आधी ($^1/_2$) मात्रा दर्शाने के लिए स्वर के नींचे ——— चिन्ह लगाते है।

(10) गायन या वादन करते समय एक ही स्वर को विविध रूप से अविष्कार करने की क्रिया को ——— कहते है।

(11) जो फिल्म संगीत में संगीत निर्देशन करते हैं, उन्हे ——— कहते हैं।

(12) उत्तर भारतीय संगीत के शुध्द नि को दक्षिण भारतीय संगीत में ——— कहते है।

(13) पं. अहोबल ने ——— ग्रंथ का निर्माण किया।

(14) 'संगीत चिंतामणी' यह ग्रंथ ——— ने लिखा।

(15) ——— यह किराना घराना के आदिपुरूष माने जाते हैं।

प्र. 3. (सा) जोडियाँ मिलाए :- (7)

| | |
|---|---|
| (1) कर्नाटक संगीत | (1) क्रियासिध्दत्त्व |
| (2) पुष्टिमार्गी संगीत | (2) संगीतकार |
| (3) आचार्य भरत | (3) नाट्यशास्त्र |
| (4) पं. अहोबल | (4) स्वरमेलकलानिधि |
| (5) कल्याणजी आनंदजी | (5) संगीत पारिजात |
| (6) रामामात्य | (6) हवेली संगीत |
| (7) कलावंत | (7) चौक वर्णम् |

**(रे) भारतीय वाद्यों के प्रकारों का उदाहरणसहित स्पष्टीकरण करें। (8)**

प्र. 4. टिप्पणीयाँ लिखे (किन्ही तीन) :- **(15)**

(1) कलावंत,

(2) गमक,

(3) धृपद की बानियाँ,
(4) वाग्गेयकार,
(5) पंडित।

प्र. 5. नीचे दिए हुए ग्रंथकारों का योगदान लिखें (किन्ही तीन) :- (15)
(1) मतंग,
(2) आचार्य बृहस्पति,
(3) अहोबल,
(4) रामामात्य।

प्र. 6. हवेली संगीत की परंपरा में अष्टछाप कवियों का योगदान स्पष्ट करे। (15)

प्र. 7. (सा) फिल्मी संगीत में संगीतकार का क्या महत्त्व होता है ? (8)
(रे) पार्श्वगायक का मतलब समझाइए तथा पार्श्वगायक, गायिकाओं के नाम लिखें। (7)

प्र. 8. नीचे दिए हुए किसी एक विषय पर निबंध लिखे :- (15)
(1) महफिल का आयोजन,
(2) संगीत की वर्तमान समस्याएँ।

प्र. 9. स्वरलिपि पध्दति का क्रमिक विकास बताकर उनके गुणदोषों की चर्चा करे। (15)

प्र. 10. आधुनिक शिक्षा पध्दति और गुरुकुल पध्दति में क्या अंतर हैं ? (15)